# <u>डिस्कलेमर</u>

**आदेश संख्या 27/2025-26 का हिंदी अनुवाद संलग्न है। इस हिंदी पाठ के अंतर्गत दी गई किसी भी व्याख्या या अर्थ के संदर्भ में कोई भी भ्रांति या संदेह होने पर कृपया अंग्रेजी पाठ को ही प्रामाणिक माना जाए।**

**ऐरा/20010/सीजीएफ-जनरल करसपॉण्डेंस/2023-24**

# भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण

**<u>आदेश संख्या 27/2025-26</u>**

तृतीय तल, उड़ान भवन,
सफदरजंग हवाईअड्डा
नई दिल्ली – 110003

**जारी करने की तारीख: 25 मार्च, 2026**

**विषय : स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाने वाली कार्गो सुविधा, ग्राउंड हैंडलिंग एवं विमान में ईंधन की आपूर्ति (सीजीएफ) से संबंधित सेवाओं के संबंध में मौजूदा टैरिफ की वसूली आगे 30.09.2026 तक जारी रखने की अंतरिम व्यवस्था।**

ऐरा के दिनांक 25.09.2025 के आदेश संख्या 20/2025-26 के माध्यम से, अन्य बातों के साथ-साथ स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) को कार्गो सुविधा, ग्राउंड हैंडलिंग और विमानों में ईंधन की आपूर्ति से संबंधित सेवाओं के लिए, उस समय प्रचलित टैरिफ वसूल करने की अनुमति दी गई। यह अनुमति अंतरिम आधार पर दिनांक 01.10.2025 से 31.03.2026 तक 06 (छ:) माह की अवधि के लिए, या उनकी संबंधित नियंत्रण अवधियों के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक, जो भी पहले हो, के लिए दी गई है। नीचे उन स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) की सूची दी गई है, जिनके लिए नियमित टैरिफ अभी निर्धारित (31.03.2026 के बाद के लिए) की जानी है।

| **क्र. सं.** | **सेवा प्रदाता का नाम** | **हवाईअड्डा** |
|---|---|---|
| **(क)** | **<u>कार्गो हैंडलिंग सेवाएं</u>** | |
| 1 | एआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड (एआईसीएएसएल) | कोलकाता |
| 2 | | चैन्नई |
| 3 | | मंगलौर |
| 4 | | त्रिचि |
| 5 | | पटना |
| 6 | | पुणे |
| 7 | | अमृतसर |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | एएआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड (एएआईसीएएसएल) | भुवनेश्वर |
| 9 | | डेबोलिम, गोवा |
| 10 | | गुवाहाटी |
| 11 | | जयपुर* |
| 12 | | वाराणसी |
| 13 | | इंदौर |
| 14 | | कोयम्बटूर |
| 15 | | पोर्ट ब्लेयर |
| 16 | | श्रीनगर |
| 17 | राजस्थान स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड | जयपुर |
| 18 | एक्सप्रेस कूरियर कार्गो सेवाओं के लिए एयर इंडिया सैट्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) | बैंगलुरू |
| 19 | एआईएसएटीएस नोएडा कार्गो टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (एएनसीटीपीएल) | नोएडा |
| 20 | गुजरात स्टेट एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड (जीएसईसी) | अहमदाबाद |
| 21 | एआई एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (एआईएएसएल) | चैन्नई |
| 22 | केरल स्टेट इंडस्ट्रीयल इंटरप्राइजेज लिमिटेड (केएसआईईएल) | तिरुवनतंतपुरम |
| 23 | | कालीकट |
| 24 | एयर इंडिया सेट्स एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | रायपुर |
| **(ख)** | **फ्यूल फार्म (एफएफ) और इंटो प्लेन सेवाएं (आईटीपी)** | |
| 25 | बीपीसीएल कन्नूर फ्यूल फार्म प्राइवेट लिमिटेड (बीकेएफएफपीएल) – एफ एफ एंड आईटीपी सेवाएं | कन्नूर |
| 26 | आईओएसएल नोएडा प्राइवेट लिमिटेड (आईओएसएलएनपीएल) - एफएफ सेवाएं | नोएडा |
| 27 | इंडियन ऑयल स्काई टैंकिंग प्राइवेट लिमिटेड (आईओएसपीएल) -आईटीपी सेवाएं | नोएडा |
| 28 | इंडियन ऑयल स्काई टैंकिंग प्राइवेट लिमिटेड -आईटीपी सेवाएं | मुम्बई |
| 29 | इंडियन ऑयल स्काई टैंकिंग डेल्ही प्राइवेट लिमिटेड (आईओएसडीपीएल) -आईटीपी सेवाएं | दिल्ली |
| 30 | इंडियन ऑयल स्काई टैंकिंग प्राइवेट लिमिटेड (आईओएसपीएल) -एफएफ एंड आईटीपी सेवाएं | बंगलौर |
| 31 | भारत स्टार्स सर्विसेज (डेल्ही) प्राइवेट लिमिटेड ( बीएसएसडीपीएल)- आईटीपी सेवाएं | दिल्ली |
| 32 | भारत स्टार्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ( बीएसएसपीएल)- आईटीपी सेवाएं | बैंगलोर |
| 33 | भारत स्टार्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ( बीएसएसपीएल)- आईटीपी सेवाएं | मुम्बई |
| 34 | डेल्ही एविएशन फ्यूल फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (डीएएफएफपीएल) - एफएफ सेवाएं | दिल्ली |

| | | |
|---|---|---|
| 35 | मुम्बई एविएशन फ्यूल फॉर्म फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (एमएएफएफएफएल) - एफएफ सेवाएं | मुम्बई |
| **(ग)** | **ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं** | |
| 36 | बीकेजे एयरपोर्ट्स देहरादून प्राइवेट लिमिटेड | देहरादून |
| 37 | एयर इंडिया सेट्स एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) | कोचीन |
| 38 | बीकेजे एयरपोर्ट्स (इंदौर) प्राइवेट लिमिटेड (बीएआईपीएल) | इंदौर |
| 39 | बर्ड फ्लाइट सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (बीएफएस) | नोएडा |
| 40 | एजीएचपोर्ट एविएशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | नवी मुम्बई |
| 41 | बर्ड वर्ल्डवाइड फ्लाइट सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (बीडब्ल्यूएफएस) | कोचीन |
| 42 | एयर इंडिया सेट्स एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) | तिरुवनतंपुरम |
| 43 | जीएसईसी बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (जीबीएएसपीएल) | तिरुवनतंपुरम |
| 44 | बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज (त्रिचि) प्राइवेट लिमिटेड (बीएएसटीपीएल) | त्रिचि |
| 45 | बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज (मोहाली) प्राइवेट लिमिटेड | चंडीगढ़ |
| 46 | बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज (कोंकण) प्राइवेट लिमिटेड | डेबोलिम, गोवा |
| 47 | ग्लोब ग्राउंड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | बैंगलुरू |
| 48 | एयर इंडिया सेट्स एयरपोर्ट्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | बैंगलुरू |
| 49 | एजीएच पोर्ट एविएशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड | अहमदाबाद |
| 50 | एआई एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (एआईएएसएल) | चैन्नई |
| 51 | | कालीकट |
| 52 | | कोलकाता |
| 53 | | अहमदाबाद |
| 54 | | कोचीन |
| 55 | | गुवाहाटी |
| 56 | | अमृतसर |
| 57 | | भुनेश्वर |
| 58 | | चंडीगढ |
| 59 | | डेबोलिम, गोवा |
| 60 | | जयपुर |
| 61 | | पटना |
| 62 | | पुणे |

| | | |
|---|---|---|
| 63 | | वाराणसी |
| 64 | | लखनऊ |
| 65 | | श्रीनगर |
| 66 | | कोयम्बटूर |
| 67 | | त्रिचि |
| 68 | एआई एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (एआईएएसएल) | इंदौर |
| 69 | | रायपुर |
| 70 | | कन्नूर |
| 71 | | देहरादून |
| 72 | | पोर्ट ब्लेयर |
| 73 | | नागपुर |

* अंतरदेशीय कार्गो हैंडलिंग सेवाएं

2. कुछ स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) (अर्थात ऊपर दी गई तालिका की क्रम संख्या 18, 25, 27, 30, 34, 35, 39 और 41 में सूचीबद्ध सेवा प्रदाताओं) से एमवाईटीपी प्राप्त हो गए हैं और इन स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं के लिए टैरिफ निर्धारण का कार्य जारी है। जबकि, शेष आईएसपी से एमवाईटीपी अभी प्राप्त होने बाकी हैं। इसलिए, ऊपर दी गई तालिका में उल्लिखित स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित करने में कुछ समय लगेगा। इस बीच, एक अंतरिम उपाय के तौर पर, प्राधिकरण निर्णय लेता है कि ऊपर दी गई तालिका के स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं को छह (06) माह की अवधि के लिए प्रचलित (दिनांक 31.03.2026 तक) टैरिफ (दरें) वसूल करना जारी रखने की अनुमति दी जाती है। यह अनुमति दिनांक 01.04.2026 से 30.09.2026 तक, या जब तक उपर्युक्त सेवा प्रदाताओं के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक, जो भी पहले हो, के लिए होगी।

3. नियमित टैरिफ निर्धारित करने के लिए जिन स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं ने अभी तक अपने एमवाईटीपी प्रस्तुत नहीं किए हैं उन्हें एतद्द्वारा निर्देश दिए जाते हैं कि वे जल्द से जल्द इन्हें ऐरा को प्रस्तुत करे।

**आदेश**

उपर्युक्त को देखते हुए प्राधिकरण भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 की धारा 13(1) (ए) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा आदेश देता है कि :-

(i) उपर्युक्त तालिका-1 में सूचीबद्ध विभिन्न प्रमुख हवाईअड्डों पर कार्गो सुविधा/ग्राउंड हैंडलिंग/ विमान में ईंधन की आपूर्ति संबंधी सेवाएं प्रदान करने वाले **स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं** को मौजूदा टैरिफ (30.09.2023 को लागू) की वसूली **01.04.2026 से 30.09.2026 तक** अगले छ: (6) माह की अवधि, या उनकी संबंधित नियंत्रण अवधियों के लिए ऐरा द्वारा नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक, जो भी पहले हो, की अनुमति दी जाती है।

(ii) हवाईअड्डा प्रचालक यह सुनिश्चित करें कि उनके संबंधित प्रमुख हवाईअड्डों पर प्रचालन कर रहे संबंधित स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं द्वारा एमवाईटीपी समय पर प्रस्तुत कर दिया गया है।

(iii) हवाईअड्डा प्रचालक ऊपर उल्लिखित स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं से संबंधित इस अंतरिम आदेश को सभी हितधारकों की जानकारी के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित करेंगे।

(iv) हवाईअड्डा प्रचालक इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करे।

**प्राधिकरण की ओर से जारीकर्ता**

**(सुयश नारायण)**
**सचिव**

सेवा में,

स्वतंत्र सेवा प्रदाता/हवाईअड्डा प्रचालक – (संलग्नक I और II के अनुसार)

**प्रतिलिपि सूचनार्थ :**

1. **सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली-110003**